हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 सिर्री मल्टी विलेज स्कीम से बुझेगी कुरूद के 84 गांवों की प्यास



12 जनभागीदारी से आत्मनिर्भर धमतरी की मजबूत पहचान





## खबर संक्षेप

### समन्वय समिति की बैठक आज

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सतत एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 8 जुलाई को माय भारत जिला सलाहकार एवं समन्वयन समिति की बैठक रखी गई है। जिला युवा अधिकारी श्रुति डोंगरे ने बताया कि यह बैठक सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पटेल समाज बगौदराज की बैठक 12 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज की बैठक 12 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे मुख्यालय सामाजिक भवन ग्राम सिहादभाठा में रखी गई है। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 27 तक

**धमतरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं पात्र संगठन निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 1 जून से 27 जुलाई तक संचालित की जा रही है। इच्छुक आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। विभागीय अधिकारी ने बताया कि नामांकन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

### दावा-आपत्ति 9 जुलाई तक मंगाई गई

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत बीते 5 जुलाई को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा परिणाम का अवलोकन कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया तथा जिला कार्यालय धमतरी की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के संबंध में 9 जुलाई तक आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

### उपयुक्तता प्रमाण पत्र शिविर 8 और 9 जुलाई को

**धमतरी।** तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु) रायपुर द्वारा 8 एवं 9 जुलाई को उपयुक्तता प्रमाण- पत्र शिविर का आयोजन शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार रायपुर मेंप्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। शिविर में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सेंटर फॉर डिफरेंटली एब्ल्ड, जबलपुर के विशेषज्ञ दिव्यांगजनों की दिव्यांगता का परीक्षण कर कृषि, पॉलीटेक्निक, प्रबंधन तथा अन्य प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवश्यक उपयुक्तता प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इससे प्रदेश के दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रमाण- पत्र बनवाने के लिए जबलपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। शिविर में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, शैक्षणिक एवं आयु संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार की दो फोटो तथा जिस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है, उसका प्रवेश पत्र साथ लाना होगा।

# अलनीनो का असर : फसल की रक्षा के लिए अधिकारियों ने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुपर अलनीनो के असर से फसलों की सुरक्षा के लिए लगातार कृषि विभाग किसानों को सलाह दे रहा है। किसानों को अल्प अवधि का धान बोने की सलाह दी जा रही है। रोपाई की जगह किसानों को सीधी बोनी करने पर जोर दिया जा रहा है।

एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत कृषि सुधार विस्तार कार्यक्रम के तहत कृषक मित्रों का जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम धमतरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय सुपर अलनीनो के कारण उत्पन्न अल्प एवं अनियमित वर्षा की स्थिति में जिले में किसान मित्रों को जागरूक करना था। ये किसान मित्र गांवों में अन्य किसानों को सलाह देंगे। प्रशिक्षण में अल्प अवधि के धान, दलहनी एवं तिलहनी फसलों, सीधी बुवाई, वैज्ञानिक विधि के महत्व को बताया गया। दुष्यंत कौशिक जिला प्रबंधक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना द्वारा अनुशंसित फसल धान, उड़द, मूंग, कोदो, कुटकी और रागी फसलों की बीमा प्रक्रिया के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, एग्रीकल्चर इंजीनियर डॉक्टर अमित सिन्हा कृषि विज्ञान केंद्र, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर फत्तेलाल पटेल, योगेंद्र सिन्हा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा जिले के समस्त मैदानी आत्मा स्टाफ एवं किसान मित्र उपस्थित रहे।

## सावधान रहें, वरना डूब जाएगी खेती

### सीड ड्रिल का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार सिन्हा ने किसानों को सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल की आवश्यकता, संरचना, विभिन्न भागों, कार्य सिद्धांत एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मशीन के सही कैलिब्रेशन, बीज एवं उर्वरक का दर निर्धारण, कतार से बुवाई की वैज्ञानिक विधि, बुवाई की गहराई एवं कतार दूरी का महत्व, ट्रैक्टर से मशीन को जोड़ने की प्रक्रिया, संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा नियमित देखभाल एवं रखरखाव के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया।



### क्या है सुपर अलनीनो

डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर फत्तेलाल पटेल ने बताया कि वर्ष 1965 के दौर में सुपर अलनीनो के असर से अकाल की स्थिति बनी थी। यह सुपर अलनीनो फिर से लौट आया है। उन्होंने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान बढ़ने पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनता है। इस चक्रवात के असर से मानसूनी हवा दक्षिण अमेरिका, उत्तरी अमेरिका सहित अन्य देश की ओर चली जाती है, जिससे वहां अति वर्षा होती है। दक्षिण पूर्वी एशिया, आस्ट्रेलिया, बंगाल की खाड़ी में अल्प वर्षा होती है। इसमें भारत भी आता है। अलनीनो का असर कई साल तक रहेगा। ऐसे में किसानों को सावधान रहने की जरूरत है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टोरेट में हुआ प्रदर्शन, जांच की मांग

# पीएम आवास योजना में बड़ा खेल! गरीबों के नाम कटे, सरपंच-उपसरपंच और संपन्न लोग बने पात्र





कलेक्टोरेट पहुंची कुर्रा की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सर्वे में पात्र हितग्राहियों का नाम थोक में काटने और संपन्न लोगों के नाम आवास स्वीकृति को लेकर गांव-गांव में रार मची हुई है। वहीं इस मामले में सियासी पारा भी गरम हो गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपात्र घोषित किए गए सभी जरूरतमंदों को तत्काल न्याय देने की मांग की है।

कलेक्टर जनदर्शन में आवास का मुद्दा हावी रहा। मेंडरका, नारधा, सेमरा (सि), रांवा, डूमरपानी, कुर्रा आदि गांवों से कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने आवास सर्वे में भारी गड़बडी की शिकायत की है। धरना प्रदर्शन के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रही है। आवास योजना की सूची से जरूरतमंद एवं अत्यंत गरीब परिवारों का नाम काट दिए गए हैं। सरपंच, उपसरपंच तथा रसूखदार इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इन पर जिला प्रशासन की कोई लगाम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों से जांच की मांग की गई है। जांच पूरी होते तक आवास सूची के हितग्राहियों को राशि आहरण नहीं करने कहा गया है। अधिकारियों ने 15 दिवस के अंदर जांच पूरी करने का आश्वासन दिया है। जांच नहीं होने और वास्तविक जरूरतमंदों को न्याय नहीं मिलने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

### रांवा के सर्वे में खानापूर्ति, 85 हितग्राहियों के नाम कटे

ग्राम रांवा से कलेक्टोरेट पहुंचे हितग्राही निर्मला, पद्मनी, सुरेखा, देवकुमारी, कुंती बाई ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि सर्वे सूची में गांव के 93 पात्र हितग्राहियों का नाम पीएम आवास योजना में था। इसकी फोटोग्राफी के लिए जनपद पंचायत ने कर्मचारी भेजा था। उन्होंने बताया कि 93 में से 82 लोगों का नाम काटा गया है जबकि 8 ऐसे लोगों के नाम हैं जो धमतरी में नौकरी करते हैं। कई के पास हार्वेस्टर, कार, मोटर भी है। उन्होंने बताया कि सर्वे में खानापूर्ति की गई है। नाबालिग बच्चों की फोटो खींचकर उसे हितग्राही बताकर तकनीकी गड़बड़ी की गई है। इसी तरह ग्राम नारधा, डूमरपाली के अनेक पात्र हितग्राही को अपात्र बनाने की शिकायत की गई है। ग्राम पंचायत कुर्रा में 60 हितग्राहियों में 3 ऐसे लोगों को पात्र बनाया गया है, जो संपन्न हैं।



### मेंडरका में सरपंच और उपसरपंच के नाम आवास

कुरूद विखं के ग्राम मेंडरका ग्राम विकास समिति के हुरामन, रामकुमार मरकाम, देवीदयाल सहित बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि मेंडरका में 142 हितग्राहियों का नाम सूची में आया था जिसमें 90 हितग्राहियों के नाम को विलोपित कर दिया गया है। सरपंच ने अपने हितैषियों के नाम पात्र सूची में रखा है। कई ऐसे हितग्राही हैं जिनका सर्वे के बाद भी नाम काट दिया गया है। आवास योजना के नाम पर बंदरबाट करने वाले कर्मचारियों, पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# सर्वे में 14 प्रतिशत हितग्राही पीएम आवास योजना से बाहर

- वंचित लोग रोजाना कर रहे शिकायत, ग्राम सभाओं में भी रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्वे के बाद 11 हजार 439 लोग पीएम आवास के लिए अपात्र मिले। अब वे लगातार शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। ग्राम सभाओं में भी उन्होंने अपनी बात रखी, लेकिन बात नहीं बन पाई। उन्हें आवास योजना से वंचित होना पड़ गया है।

पीएम आवास योजना लिए इस बार 84 हजार 439 परिवारों का सर्वे किया गया। इस सर्वे में 14 प्रतिशत हितग्राही अपात्र मिले। कई हितग्राहियों के पास पहले से पक्का मकान था, कोई आयकर दाता निकला तो कोई चारपहिया में चलने वाला। भौतिक सत्यापन के बाद इन



अपात्रों को सूची से हटा दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों के नाम पीएम आवास से हटने से रोजाना बवाल की स्थिति बन रही है। कलेक्टोरेट में शिकायतों की झड़ी लगी हुई है। मंगलवार को भी कई गांवों से अलग-अलग ग्रुप में हितग्राही पहुंचे थे। उन्होंने अपने को पात्र बताते हुए पीएम आवास योजना का लाभ देने की मांग की है।

### ग्रामसभा में नाम जोड़ने का आप्शन नहीं

पीएम आवास के लिए 24 जून को सभी ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्रामसभा में भी अपात्र हुए लोगों ने अपनी बात रखी, लेकिन विडंबना यह है कि ग्रामसभा को यह अधिकार ही नहीं दिया गया है कि वे अपात्रों को पात्र कर सके। ग्राम पंचायतों को केवल 73 हजार 138 लोगों की सूची भेजी गई है, जो पात्र हैं। ग्रामसभा में इन सूची में और लोगों को अपात्र करने का अधिकार तो है, लेकिन नए लोगों का नाम जोड़ने का अधिकार नहीं है।

### धीमी पड़ी निर्माण की रफ्तार

वर्ष 2024 से लेकर अब तक 41 हजार 353 पीएम आवास की स्वीकृति मिली है। अब तक तो आवास निर्माण की रफ्तार अच्छी थी, लेकिन बारिश लगते ही निर्माण की रफ्तार धीमी हो गई है। 7 हजार 936 आवास अभी भी अधूरे हैं। रेत की किल्लत और निर्माण सामग्रियों में महंगाई के चलते कई निर्माण बंद पड़े हैं। सबसे ज्यादा अधूरा निर्माण नगरी ब्लॉक में 4 हजार 17 है। धमतरी ब्लॉक में 1 हजार 412, कुरूद ब्लॉक में 1 हजार 310 और मगरलोड ब्लॉक में 1 हजार 197 आवास अधूरे हैं।

# स्कूली बच्चों से भरा ई-रिक्शा पलटा

- सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में ई-रिक्शा की लगातार बढ़ती संख्या के बीच यातायात सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ने लगी है। कम किराया और आसानी से उपलब्ध होने के कारण विशेषकर स्कूली बच्चों के अभिभावक ई-रिक्शा का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन कई ई-रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी किए जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है।

मंगलवार को आमापारा वार्ड में होटल के पास सड़क में स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा एक ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा में कई छात्र-छात्राएं सवार थे। हादसे में कुछ बच्चों को मामूली चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के साथ-साथ छोटे बच्चों को चालक की सीट के सामने बैठाकर वाहन चलाते हैं। इससे चालक का संतुलन और दृश्यता प्रभावित होती है तथा दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। शहर में ऐसे कई ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिनके दस्तावेजों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र और आवश्यक परमिट नहीं हैं, फिर भी वे सड़कों पर वाहन चला रहे हैं।

नागरिकों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से ई-रिक्शा संचालन की नियमित जांच, दस्तावेजों का सत्यापन और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विशेष रूप से स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ई-रिक्शा पर निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि नियमों का पालन और नियमित निरीक्षण ही बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कर सकता है।

# गांजा तस्करों को दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- पुलिस की बड़ी न्यायिक सफलता

एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में पुलिस की प्रभावी मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक विवेचना एवं मजबूत साक्ष्य प्रस्तुतिकरण से न्यायालय ने दो गांजा तस्कर को दस-दस साल की कठोर सजा व 1-1 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

उल्लेखनीय है कि बोराई पुलिस द्वारा 9 जनवरी 2024 को थाना के सामने जांच नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा की ओर से आ रही मारूति कार क्रमांक एमपी 20 एफएक्स 2513 को संदेह के आधार





पर रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान कार की डिक्की एवं बीच की सीट में रखी तीन प्लास्टिक बोरियों से 53 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। कार में सवार तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा उम्र 32 वर्ष निवासी जिला सतना मप्र तथा विजय विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष जिला रींवा मप्र निवासी उक्त गांजा के परिवहन एवं वाहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने 53 किलोग्राम गांजा, कार, दो मोबाइल फोन एवं नकद राशि समेत कुल 11 लाख 10 हजार 800 रूपये की संपत्ति जब्त कर धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी तोषण विश्वकर्मा व विजय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा।

### न्यायालय ने दी कठोर सजा

एनडीपीएस प्रकरण में एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर धमतरी पुलिस द्वारा की गई निष्पक्ष, वैज्ञानिक एवं सुदृढ़ विवेचना तथा न्यायालय में प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध पाते हुए प्रत्येक को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### विवेचनाधिकारी होंगे पुरस्कृत

एसपी सूरज सिंह परिहार ने उत्कृष्ट विवेचना एवं प्रभावी साक्ष्य संकलन के लिए तात्कालिक विवेचनाधिकारी एएसआई रामकृष्ण साहू को 500 रूपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की है। एसपी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले विवेचनाधिकारी को भविष्य में इसी प्रकार प्रोत्साहित व सम्मानित किया जायेगा।

## कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं निराकरण की समीक्षा की

# एग्रीस्टेक पंजीयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं उनके निराकरण की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था किसानों को तकनीक आधारित, पारदर्शी एवं सुगम कृषि सेवाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंजीयन



कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित विभाग निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन करें।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, उप संचालक कृषि मोनेश साहू, खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक धमतरी के नोडल अधिकारी बलरामपुरी गोस्वामी, केन्द्रीय सहकारी बैंक के समस्त शाखा प्रबंधक, अनुविभागीय अधिकारी कृषि, राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा जिले के सभी 100 उपार्जन केन्द्रों के डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

### प्रतिदिन की प्रगति का मूल्यांकन करें

कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सेवाओं से प्रभावी रूप से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इसलिए सभी अधिकारी समन्वित प्रयास करते हुए ग्राम स्तर तक नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन की प्रगति का मूल्यांकन करें।

### धान विक्रय के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए सभी श्रेणी के किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के अभाव में किसान धान विक्रय नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कृषि, राजस्व, सहकारिता, खाद्य विभाग तथा बैंकिंग संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों, सहकारी समितियों एवं उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे प्रत्येक पात्र किसान समय पर अपना पंजीयन करा सके। समीक्षा के दौरान 94 संस्थागत एवं ट्रस्टों के पंजीयन की स्थिति पर चर्चा की गई।

# बाइक से गिरकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपने बेटे की बाइक में पीछे बैठकर शादी कार्यक्रम में जा रही महिला अचानक नीचे गिर गई। इस घटना में महिला की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुजालगोंदी निवासी रानी कुम्हार पति राजू उम्र 43 वर्ष घरेलू काम करती थी। सोमवार को महिला अपने बेटे ओमप्रकाश कुम्हार के साथ बाइक में पीछे बैठकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के घर अभनपुर जा रही थी। बाइक पुत्र ओमप्रकाश चला रहा था। धमतरी पार कर बाइक नेशनल हाईवे से होते हुए ग्राम संबलपुर से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे बैठी महिला चलती बाइक से अचानक सड़क पर गिर गई। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। महिला की गंभीर हालत को देख डॉक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। घायल महिला को एम्बुलेंस के माध्यम से रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान अभनपुर के पास घायल की स्थिति ठीक नहीं लगने पर वहां के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टर ने चेकअप कर महिला को मृत होना बताया। उसके बाद उसी एम्बुलेंस से महिला को शाम तक वापस जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



- एनएच में संबलपुर के पास हुआ हादसा

# जेम पोर्टल से शासकीय खरीदी में आएगी नई पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल पर जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं प्रश्नोत्तर कार्यशाला आयोजित की। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों को पोर्टल के प्रभावी संचालन, नवीनतम प्रावधानों और व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहरी, एसडीएम पीयूष तिवारी, महाप्रबंधक उद्योग खांडेकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक राकेश तिवारी ने पोर्टल के माध्यम से शासकीय खरीदी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं, तकनीकी चुनौतियों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। विभिन्न यूज केस के माध्यम से अधिकारियों को निविदा प्रक्रिया, विक्रेता चयन, मूल्य तुलना, आनलाइन आर्डर, भुगतान प्रक्रिया तथा रिकार्ड प्रबंधन की जानकारी सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समझाई गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने से पारदर्शिता बढ़ती है। समय और सरकारी संसाधनों की बचत होती है। इससे प्रत्येक खरीदी का डिजिटल रिकार्ड सुरक्षित रहता है और जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है।



## कार्यशाला में खरीदी प्रक्रिया की बारीकियों पर की गई चर्चा

### सभी विभाग पोर्टल का अधिकतम उपयोग करें : कलेक्टर मिश्रा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग पोर्टल का अधिकतम उपयोग करें। प्रत्येक शासकीय खरीदी निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुरूप पोर्टल के माध्यम से ही की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल खरीदी प्रणाली न केवल पारदर्शिता और गुणवत्ता को बढ़ावा देगी, बल्कि शासकीय कार्यों में गति और दक्षता भी सुनिश्चित करेगी।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने जांच और नोटिस की प्रक्रिया शुरू की

# आंबा केंद्र के निरीक्षण में एक्सपायरी रेडी-टू-ईट मिलने पर जिपं अध्यक्ष ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के मसानडबरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा को बच्चों के लिए रखे गए रेडी-टू-ईट पोषण आहार के कुछ एक्सपायरी पैकेट मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भोजन की गुणवत्ता पर भी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के समय केंद्र में पांच बच्चों को भोजन परोसा जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिलने तथा एक्सपायरी पोषण आहार पाए जाने पर जिपं अध्यक्ष ने इसे गंभीरता से लेते हुए मौके से ही महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी के परियोजना अधिकारी को दूरभाष पर जानकारी दी। उन्होंने तत्काल एक्सपायरी सामग्री हटाने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने तथा समूची व्यवस्था में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने को भी कहा।

इस अवसर पर अरुण सार्वा ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं का लाभ पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे, यह विभाग की जिम्मेदारी है।

इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी के परियोजना अधिकारी सोमेंद्र साहू से दूरभाष पर चर्चा की तो उन्होंने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से उन्हें मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। संबंधित केंद्र के जिम्मेदार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। नगरी परियोजना अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन एवं रेडी-टू-ईट सामग्री की गुणवत्ता, एक्सपायरी तिथि तथा अन्य व्यवस्थाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं। जिपं अध्यक्ष के निरीक्षण के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



# डीएलपी प्रशिक्षण से डिजिटल संगठन सशक्त बनाने पर जोर

■ जिला प्रभारी प्रेमलता नागवंशी ने नक्सलमुक्त बस्तर और डिजिटल प्रशिक्षण पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी श्रीमती प्रेमलता नागवंशी के नारायणपुर प्रवास के दौरान भाजपा जिला कार्यालय नारायणपुर में महिला मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। प्रेमलता नागवंशी ने महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों एवं




कार्यकर्ताओं से डीएलपी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया। वर्तमान में संगठनात्मक कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए डिजिटल माध्यमों का ज्ञान आवश्यक है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को इस दिशा में स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

बैठक में छग लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सिंह सलाम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजमोहन देवांगन, संगीता जैन, संदीप कुमार झा, पिंकी उसेंडी, रामबती देवांगन, दीपाली नाग, शांति नेताम, राधिका वड्डे, खुशबू जैन, तेजस्विनी साहू, लक्ष्मी ठाकरे एवं सुलोचना सिन्हा उपस्थित रहे।

प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलमुक्त भारत का संकल्प धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। आज नारायणपुर सहित पूरा बस्तर क्षेत्र शांति, सुरक्षा एवं विकास के नए युग की ओर अग्रसर है और पूरे बस्तर क्षेत्र में सहज एवं सुरक्षित भ्रमण संभव हो पाया है। इसके लिए उन्होंने भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनकल्याण एवं विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया।

## अंचल की खबरें

### अंवरी में मनाई गई श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती



**अंवरी।** राष्ट्र और अखंडता को अपने बलिदान से सीचने वाले प्रखर राष्ट्रवादी जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती ग्राम अंवरी में मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, पवन यादव पूर्व सोसायटी उपाध्यक्ष, जागेश्वर निर्मलकर, सरस्वती साहू, रेखा साहू, नीतू खुटेल, मंजू गायकवाड़, मोतिम यादव, संगीता साहू, यमुना साहू, झामिन साहू, सावित्री ध्रुव, नेहा यादव, बीना यादव, मोहनी यादव, यादबाई यादव, बबीता साहू, रतनी साहू उपस्थित रहे।

### कातलबोड़ स्कूल में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति गठित



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला कातलबोड़ में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष सेऊक ओसा, उपाध्यक्ष तीजन साहू, संयोजक हेमंत कुमार कौशल शिक्षक, शिक्षक प्रतिनिधि डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षाविद चंपालाल साहू, पंचायत प्रतिनिधि वत्सला साहू, पालक सदस्य गोपिका ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, सुनीता साहू, शांति यादव, संतोषी विश्वकर्मा, रानी ओसा, टोमिन साहू, खुमान साहू, चेतन साहू, टोकेश यादव बनाए गए। यह कार्यक्रम सेवानिवृत्त महेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक के मार्गदर्शन में हुआ। मौके पर जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू, दीपक जांगड़े, आरती पटेल, शिक्षिका, तुमनसिंह साहू शिक्षक, उपसरपंच संतोष साहू, महेश्वर दीवान उपस्थित थे।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ धमतरी के प्रभारी जिला अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री डागेश्वर पटेल एवं जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने विधायक ओंकार साहू से मुलाकात की। संघ ने विधायक से विधानसभा मानसून सत्र में उनकी मांगों को उठाने के लिए कहा।

## खबर संक्षेप



### जन-जन के मन में अमर रहेंगी पद्म विभूषण तीजन बाई : सोनी

**जीजामगांव।** सर्व समाज संगठन के जिला अध्यक्ष नारायण सोनी ने पद्म विभूषण तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक गायन शैली पंडवानी को गांव की चौपाल से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाकर प्रदेश की लोक कला और संस्कृति को विश्वभर में नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि ऐसी महान विभूतियां विरले ही जन्म लेती हैं। नारायण सोनी ने शासन से मांग की कि शिक्षा या संस्कृति के क्षेत्र में तीजन बाई के नाम पर किसी संस्थान या योजना का नामकरण किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनके अतुलनीय योगदान को सदैव याद रख सकें।

### शादी के लिए युवती से मारपीट की एवं गला दबाकर दी धमकी

**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवती के साथ कथित रूप से रास्ता रोककर शादी के लिए दबाव बनाने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद युवती ने थाना परतापुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर थानाक्षेत्र में किराये पर रहकर एक किराना दुकान में कार्य करने वाली 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई को अपने चाचा के साथ गांव लौट रही थी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब आरोपियों के घर के पास स्थित गली में पहुंचे, तभी आरोपी जयदेव मंडल और मिंटू विश्वास ने उनका रास्ता रोक लिया। शिकायत के अनुसार दोनों आरोपियों ने युवती पर शादी करने का दबाव बनाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके बाल खींचे, दोनों गालों पर थप्पड़ मारे, गला दबाया तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे युवती भयभीत हो गई। घटना के दौरान युवती को बचाने पहुंचे उसके चाचा के साथ भी आरोपियों ने धक्का-मुक्की पर और खींचतान की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202606130100001/
अ-21/वर्ष 2025-26
ग्राम कुर्रा, प.ह.नं.-23
तहसील भखारा, जिला धमतरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रेता उमेश कुमार पिता स्व. रामचंद ध्रुव जाति गोड़ (आदिवासी) निवासी ग्राम कुर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी कास्तकार ग्राम कुर्रा स्थित भूमि खसरा नं. 1151/1, 1158/1, 1192/1 रकबा क्रमशः 0.12, 0.60, 0.18 हे. भूमि दर्ज है। कुल खसरा 03 कुल रकबा 0. 90 हे. में से खसरा नंबर 1158/1 रकबा 0.60 को गैर आदिवासी क्रेता लिखेन्द्र कुमार साहू पिता रंजीता साहू जाति तेली (गैरआदिवासी) निवासी कुर्रा निवासी ग्राम कुर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी के पास विक्रय हेतु आवेदन पत्र एवं दस्तावेज सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है जो कि इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/सह खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/07/2026 न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि उपरांत प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार भखारा**

### पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी ने मनाया 19वां स्थापना दिवस, सम्मान समारोह भी हुआ

# पंचायत सचिवों ने उठाई नियमितीकरण के लिए आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छग पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी द्वारा आदिवासी हल्बा समाज भवन में स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पंचायत व्यवस्था को सशक्त बनाने, ग्रामीण विकास में पंचायत सचिवों की भूमिका तथा उनकी लंबित मांगों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, पंचायत महासंघ अध्यक्ष रूपेश कुमार ध्रुव, सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, पूर्व पंचायत महासंघ अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, सीईओ जनपद रोहित







बोरझा, फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, रोजगार सहायक संघ अध्यक्ष डोमार सिंह देवांगन तथा सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बालाराम नरेटी थे।

उमेश देव ने कहा कि पंचायत सचिव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। सचिव एवं सरपंच के बेहतर समन्वय से ही गांवों का समग्र एवं सतत विकास संभव है। उन्होंने पंचायत सचिवों के नियमितीकरण की मांग का समर्थन करते हुए आश्वासन दिया कि सरपंच संघ इस मांग को पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाएगा।

#### गांवों के सर्वांगीण विकास में सचिवों की भूमिका अहमः गोटा

महेश गोटा ने कहा कि पंचायत सचिव जन्म से लेकर मृत्यु तक नागरिकों से जुड़े विभिन्न शासकीय कार्यों का दायित्व निभाते हैं। उन्होंने सरपंच एवं सचिवों से आपसी तालमेल बनाए रखते हुए गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

हृदय साहू ने कहा कि पंचायत सचिव ग्राम विकास की पहली कड़ी है। वे शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ग्रामीण विकास में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है।

समारोह के दौरान पंचायत सचिव संघ द्वारा विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनेक पंचायत सचिवों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मदन सेन, बुधराम नेताम, आसत समस्थ, पीलाराम सेन, रामभरोस साहू, रैन कुमार नेताम ,सुखदेव भारती, भूपेंद्र कुमार साहू, सुरेश धुव, गैंदलाल साहू, रामकुमार एल्मा, सुरेश कुमार, हुलेश प्रजापति, लक्ष्मी साहू, बीरेंद्र कुमार साहू, किसुन भास्कर, उमेंद नेताम, ममता उईके, सोनूराम नेताम, बिंदेश्वर यादव, छबिलाल मरकाम, राधेराम मरकाम, कृष्ण कुमार नेताम, विष्णु नेताम, हरिशंकर साहू, दयालु निषाद, यशोदा कोर्राम, शंकर ध्रुव सहित अन्य पंचायत सचिव उपस्थित थे। संरक्षक सचिव बुधराम ने बताया कि पंचायत सचिव केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य करते हैं। अल्प मानदेय में काम कर रहे हैं। उन्होंने शासन से नियमितीकरण की मांग की। कार्यक्रम का संचालन रेवाराम साहू ने किया।

### नया बिजली वाहन का हुआ लोकार्पण

# नगर पालिका परिषद में एल्डरमैनों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरूद में मंगलवार को मनोनीत पार्षदों (एल्डरमेन) का शपथ ग्रहण समारोह एवं नगर के लिए उपलब्ध कराए गए नए बिजली वाहन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की मौजूदगी में एसडीएम नभसिंह कोसले ने सभी एल्डरमैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ एल्डरमैन भानु चंद्राकर ने सबसे



पहले शपथ ली। इसके बाद खिलावन यादव, चंद्रकुमार (नंदू) चंद्राकर, खिलेन्द्र देवांगन और महावीर साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। समारोह में नगरपालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डूमेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, पार्षदगण, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

शपथ ग्रहण के बाद नगर में विद्युत पोलों के रखरखाव एवं मरम्मत कार्यों के लिए उपलब्ध कराए गए नए बिजली वाहन का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चंद्राकर ने वाहन को नगरवासियों को समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा विधायक अजय चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस वाहन से विद्युत व्यवस्था के रखरखाव एवं सुधार कार्यों में तेजी आएगी।

**Pride of Dhamtari**

**सिद्धीविनायक** नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### सरदार पटेल की जयंती पर किया पौधारोपण

**कोरर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 7 जुलाई को पुलिस थाना कोरर परिसर में पौधारोपण करते हुए पौधे लगाने का संदेश दिया। अतिथियों ने पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एसडीओपी मोहसिन खान, जिला पंचायत सदस्य झरना हेमंत ध्रुव, कोरर सरपंच केबी ठाकुर, पीयूष कश्यप, शंकर यादव, नरेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण नामदेव, उप निरीक्षक छत्रपाल साहू सहित थाना स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अब धान खरीदी के लिए पंजीयन अक्टूबर तक



**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी। इस दौरान नए किसानों का पंजीयन, खसरा मैपिंग, बैंक विवरण संशोधन, अधिया-रेगहा के लिए नॉमिनी पंजीयन तथा वनाधिकार पट्टाधारी, डूबान कृषकों, संस्थागत एवं ट्रस्ट का पंजीयन किया जाएगा। नॉमिनी संशोधन धान खरीदी अवधि तक होगा, जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसल प्रविष्टि 15 से 31 अगस्त तक की जाएगी। वर्ष 2025-26 के पंजीकृत किसान इस वर्ष भी स्वतः पंजीकृत माने जाएंगे।

### कुरना के विद्यालय में कराया न्योता भोजन

**कांकेर।** ग्राम कुरना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्याबाई साहू एवं उनके पति पेखनलाल साहू ने अपने स्वर्गीय ससुर की प्रथम पुण्यतिथि पर सेवा और संस्कार का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बालवाड़ी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के लगभग 70 विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया। सभी ने एक साथ बैठकर प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया। माशा के प्रधान पाठक जीवनलाल कुंजाम ने इस पहल को सामाजिक समरसता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला बताया।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बड़ेपारा सिंगारभाट निवासी 39 वर्षीय सुनिल कुमार उईके पिता स्व. रतउराम उईके का 6 जुलाई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# रुद्री की नालियों का गंदा पानी मुख्य नहर में पहुंच रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत रुद्री और सिंचाई कॉलोनी का अपशिष्ट जल एक बार फिर नालियों के माध्यम से महानदी मुख्य नहर में पहुंचने लगा है। यह वही नहर है, जहां से जल आवर्धन केंद्र के लिए पानी लिया जाता है और शुद्धिकरण के बाद शहर की लगभग डेढ़ लाख आबादी तक पेयजल के रूप में पहुंचाया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई वर्षों से रुद्री बस्ती और सिंचाई कॉलोनी का गंदा पानी इसी नाली से नहर में मिल रहा है। कुछ समय पहले नगर निगम द्वारा इस प्रवाह को बंद कराया गया था, लेकिन अब दोबारा गंदा पानी नहर में छोड़ा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि यह नाला रुद्री बरॉज से करीब 200 मीटर की दूरी पर मुख्य नहर में मिलता है, जबकि इससे लगभग 100 मीटर की दूरी पर जल आवर्धन केंद्र स्थित है। ऐसे में अपशिष्ट जल के सीधे नहर में मिलने से जल स्रोत की स्वच्छता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि जल संसाधन विभाग और नगर निगम को इस समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए ताकि पेयजल स्रोत सुरक्षित बना रहे।

नगर निगम के जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि नहर में गंदा पानी मिलने की जानकारी उन्हें मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को मौके पर भेजकर नाले के पानी को डायवर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। भविष्य में अपशिष्ट जल को मुख्य नहर में जाने से रोकने के लिए आवश्यक तकनीकी उपाय किए जाएंगे, जिससे शहर के पेयजल स्रोत की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### जल आवर्धन केंद्र के पास अपशिष्ट जल मिलने से बढ़ी चिंता

#### कार्रवाई का भरोसा, नाले का पानी मोड़ने के दिए निर्देश

विशेषज्ञों का मानना है कि जल शोधन संयंत्र में पानी को निर्धारित प्रक्रिया के तहत शुद्ध किया जाता है, फिर भी मूल जलस्रोत में गंदे पानी के प्रवेश को रोकना आवश्यक है। बारिश के मौसम में जलजनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए नहर में अपशिष्ट जल का मिलना स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर विषय माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग निरीक्षण कर स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।



## वर्षों पुराने जल संकट का होगा स्थायी समाधान, प्यासे गांवों को मिलेगी नई जिंदगी

# सिर्री मल्टी विलेज स्कीम से बुझेगी कुरूद क्षेत्र के 84 गांवों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्रामीण अंचल में सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के कुरूद विकासखंड में लगभग 130.40 करोड़ रुपये की लागत से सिर्री मल्टी विलेज स्कीम (एमवीएस) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना पूर्ण होने के बाद कुरूद ब्लॉक के 84 गांवों के 29,793 परिवारों तक घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाएगी।

कुरूद क्षेत्र लंबे समय से गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझता रहा है। भूजल स्तर लगातार नीचे जाने और कई हैंडपंपों के सूख जाने से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए प्रतिदिन कठिन परिश्रम करना पड़ता था। सिर्री मल्टी विलेज स्कीम इस समस्या का स्थायी समाधान प्रस्तुत करेगी और क्षेत्र के हजारों परिवारों को वर्षभर नियमित पेयजल उपलब्ध कराएगी।

कुरूद विकासखंड भूजल की दृष्टि से सेमी-क्रिटिकल जोन में शामिल है, जहां भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए चिंता का विषय बन चुका है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए इस योजना में भूजल के स्थान पर नहर के सतही जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे भूजल पर निर्भरता कम होगी, जल स्रोतों का संरक्षण होगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

योजना को सुचारू संचालन एवं समान जल वितरण के लिए चार जोन में विभाजित किया गया है। कुल 84 गांवों के 29,793 परिवार इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

सिर्री मल्टी विलेज स्कीम के पूर्ण होने के बाद हजारों परिवारों को घर के निकट ही सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। इससे महिलाओं और बच्चों का समय एवं श्रम बचेगा, जलजनित रोगों में कमी आएगी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा तथा ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### सेमी-क्रिटिकल भूजल क्षेत्र के लिए दूरदर्शी पहल



#### वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीक से होगी जलापूर्ति

योजना के तहत नहर से कच्चा पानी दंडेसरा स्थित सम्पवेल तक लाया जाएगा। यहां निर्मित होने वाले आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में पानी का वैज्ञानिक तरीके से शुद्धीकरण किया जाएगा। इसके बाद पानी को मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर (एमबीआर) में संग्रहित कर पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से गांवों और प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा।

#### मेघा मल्टी विलेज स्कीम भी जल्द होगी शुरू

जल जीवन मिशन अंतर्गत मगरलोड विकासखंड के लिए मेघा मल्टी विलेज स्कीम की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। इस परियोजना के माध्यम से 59 गांवों को जोड़ा जाएगा तथा पारसाबुड़ा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं तीन मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर स्थापित किए जाएंगे। प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सिर्री एवं मेघा दोनों मल्टी विलेज स्कीम के पूर्ण होने पर कुरूद एवं मगरलोड विकासखंड के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में सतही जल आधारित, सुरक्षित, टिकाऊ एवं आधुनिक पेयजल व्यवस्था स्थापित होगी।

## अंचल की खबरें

### शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों का मुंह मीठा कराया



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बिरेतरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रधान पाठिका सीमा सेन, अमिता साहू , दामिनी साहू, संदीप नायक ने ऋषि परंपरा को याद करते हुए विद्यारंभ संस्कार किया। दीपयज्ञ गायत्री परिवार के कौशल प्रसाद साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। मौके पर शाला समिति के सदस्य समेत पालकगण उपस्थित थे।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**धमतरी।** भारी बारिश के बीच शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, जिला महामंत्री विक्रांत पवार ने बताया कि जिला अस्पताल में कई समस्याएं देखने को मिली है। छत से पानी टपक रहा है। अस्पताल में 21 विशेषज्ञ डॉक्टर होने चाहिए। 7 ही विशेषज्ञ डॉक्टर है। सर्जिकल विशेषज्ञ, मेडिकल विशेषज्ञ, नाक कान गला विशेषज्ञ की कमी मरीजों को खल रही है। इतने बड़े अस्पताल में एक इमर्जेंसी डॉक्टर का होना अस्पताल की कलई खोल रहा है। सोनोग्राफी एक्सरे, सीटी स्कैन कक्ष में ताला लगा हुआ था। कांग्रेसियों ने आगे कहा कि अगर 15 दिवस के भीतर जिला अस्पताल की व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो वे मुख्य जिला चिकित्सालय अधिकारी का घेराव करेंगे। मौके पर गीतराम सिन्हा, हितेश गंगवीर, वीरू महाजन, भागी ध्रुव, शंकर माखीजा, यश राजपूत , नवीन सिन्हा, खिझर खान मौजूद थे।



### छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविकांत साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी ढीमर, जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू, सरपंच गिरधर सार्वा, उपसरपंच बसंती साहू सहित समिति के सदस्य मुकेश कुमार कुर्रे, विष्णु चंद्राकर, नारायणसिंह साहू, देवेंद्र कुमार साहू, विष्णुराम निषाद, वासुदेव ढीमर तथा व्याख्यातागण एसके यादव , सुश्री एच. सोनी, व्याख्याता सीएल धीवर, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे। साइकिल वितरण की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती रामेश्वरी बघेल ने की।



### गोपालपुरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव के साथ गणवेश बंटा

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू की अनुपस्थिति में जिला पंचायत प्रतिनिधि भूमेश साहू उपस्थित हुए। अध्यक्षता विकास समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, सरपंच कुंती देवदास, गजेंद्र देवांगन, मेवालाल साहू, त्रिलोचन साहू, दीनदयाल साहू संतोषी साहू, जानकी साहू, सेवाराम पटेल भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कक्षा पहली, 6वीं, 9वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाक स्वागत किया गया। कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किया गया। प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए छात्रों से पूरी लगन के साथ अध्ययन कर बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण किया गया।



### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारा

**धमतरी।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं प्रख्यात हनुमान भक्त पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को धमतरी के पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सनातन प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार, राष्ट्र जागरण तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन से लाखों लोग आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित हुए हैं तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति जागरूक बन रहे हैं। इस अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी खेमराज तिवारी, सूरज शर्मा, ऋषभ जैन, सुमित चावला, पंकज लालवानी, विकास शर्मा, दिलीप पटेल, तन्मय सोनी, आदर्श तिवारी, कार्तिक जैन, अभिषेक कोटवानी, अमित देवानी, दिनेश पाहूजा, आकाश भोजवानी, अक्षय सचदेव, योगेश सोनी सहित बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरडुला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पाठ्य सामग्री प्रदान कर नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

# सर्व आदिवासी समाज भवन में बोर खनन एवं शौचालय निर्माण हेतु हुआ भूमिपूजन

- अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की त्वरित पहल से वर्षों पुरानी समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 स्थित सर्व आदिवासी समाज भवन में पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने की दिशा में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की पहल पर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। समाज भवन परिसर में बोर खनन कार्य पूर्ण होने के साथ ही शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव, हृदय नाग, नरेश छेदहिया, आर.एल. देव, संतोष गंगेश युवा प्रभाग अध्यक्ष संतराम नेताम, गीतेश्वर ध्रुव सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष समाज भवन में पानी एवं शौचालय की कमी से होने वाली कठिनाइयों को प्रमुखता से रखा था।



समाजजनों ने बताया कि विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के दौरान इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में महिलाओं, बुजुर्गों एवं आगंतुकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

समाज की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से 2 लाख की राशि से बोर खनन कार्य की अनुशंसा की, जिसके फलस्वरूप समाज भवन में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो गई।

अधोसंरचना मद से 2 लाख की लागत से शौचालय निर्माण की स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन भी संपन्न कराया गया। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक समाज भवन में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। समाज भवन केवल भवन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपराओं के केंद्र होते हैं।

# चरणदास महंत ने विकास और जनसरोकारों को दी प्राथमिकता



**नगरी।** छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का सिहावा विधायक अंबिका मरकाम के निवास पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर तथा पूर्व विधायक विनय जायसवाल भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। विधायक अंबिका मरकाम ने क्षेत्र की आवश्यकताओं, विकास कार्यों और जनाकांक्षाओं से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को अवगत कराया तथा विधानसभा में क्षेत्र की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने क्षेत्र के विकास एवं जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा कांग्रेस पार्टी को जन-जन से जोड़कर जनता के हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक अशोक सोम, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भानेन्द्र ठाकुर, कैलाश प्रजापति, निकेश ठाकुर, अख्तर खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनवर राजा, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, मनोज साक्षी, पेमन स्वर्णबेर, दुर्गेश ध्रुव, सत्यवती नेताम, नंदिनी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीजी बोर्ड की द्वितीय मुख्य परीक्षा आज से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की द्वितीय मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित होगी। जिले में परीक्षा के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं, जहां कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 3422 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा प्रश्नपत्र संबंधित केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचा दिए गए हैं।

12वीं की परीक्षा 8 जुलाई को हिन्दी विषय से शुरू होगी। इसके बाद 10 जुलाई को अंग्रेजी, 11 जुलाई को संस्कृत, 13 जुलाई को इतिहास, 15 जुलाई को भूगोल एवं भौतिक शास्त्र, 16 जुलाई को समाजशास्त्र, 17 जुलाई को राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र एवं शरीर क्रिया विज्ञान, 18 जुलाई को मनोविज्ञान, 20 जुलाई को व्यावसायिक विषय, 21 जुलाई को गणित, कम्प्यूटर एवं गृहविज्ञान तथा 22 जुलाई को जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी। 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई को गणित विषय से प्रारंभ होगी। इसके बाद 14 जुलाई को अंग्रेजी, 16 जुलाई को विज्ञान, 18 जुलाई को सामाजिक विज्ञान तथा 20 जुलाई को तृतीय भाषा संस्कृत की परीक्षा आयोजित की जाएगी।जिले में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, नत्थूजी जगताप नगर निगम विद्यालय, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम हटकेशर, शासकीय कन्या विद्यालय कुरूद, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कुरूद, स्वामी आत्मानंद भखारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी, स्वामी आत्मानंद भैंसमुंडी मगरलोड, स्वामी आत्मानंद श्रृंगीऋषि नगरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव नगरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इन केंद्रों में 10वीं के 2014 तथा 12वीं के 1408 सहित कुल 3422 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। प्राचार्य बी. मैथ्यू ने बताया कि द्वितीय मुख्य परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे, पूरक श्रेणी में हैं, अंक सुधार करना चाहते हैं या किसी कारणवश पहली परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ो, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नारायण बने शाला विकास समिति के अध्यक्ष



**धमतरी।** मुजगहन हाईस्कूल की शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर पूर्व सरपंच नारायण सेन को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। ज्योति मीनपाल उपाध्यक्ष बनाई गई हैं। इस अवसर पर सरपंच होमेश्वर साहू, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, दिलीप कुमार नाग, लक्ष्मीनारायण साहू, शिवशंकर साहू, उपसरपंच जतिन साहू, तेजनारायण मीनपाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इनकी नियुक्ति पर राजकुमार तिवारी, देवेश साहू, रामेश्वर मरकाम, मुरारी सिन्हा, डोमार साहू, टुमेश्वर सिन्हा, ईश्वर सेन, रोशन गोस्वामी ने हर्ष जताया है।

### अशोक इंडोनेशिया में बिखेरेंगे संगीत का जादू



**धमतरी।** सुप्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार अशोक सिन्हा विदेश प्रवास पर रवाना हो रहे हैं। वे जकार्ता (इंडोनेशिया) में एक सप्ताह तक कलाप्रेमियों का मनोरंजन करेंगे। अशोक तीसरी बार जकार्ता जा रहे हैं। इसके अलावा वे ओमान, दोहा-कतर एवं दुबई की यात्रा भी कर चुके हैं। अशोक सिन्हा सोरिद नगर निवासी प्रतिष्ठित संगीत साधक स्व. श्यामसुंदर सिन्हा के पुत्र हैं और कला नगरी मुंबई में नामी कलाकारों के बीच रहकर वर्षों संगीत साधना की है। गौरतलब है किअशोक उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जो किसी जमाने में इनके ज्येष्ठ भ्राता प्रख्यात तबला वादक स्व. कमलजीत सिंग ने स्थापित की थी। कमलजीत वर्षों तक मुंबई में रहे और उस दौर में प्रख्यात कव्वाल स्व. शंकर शंभू, गजलगायक अनूप जलोटा, स्व. जगजीत सिंग, स्व. पंकज उधास, राजेंद्र मेहता, नीना मेहता जैसे अनेक गायकों के साथ तबला पर संगत किया। अशोक के अलावा दो भाई हृदय कुमार और रोहित कुमार भी वर्तमान में मुंबई में ही संगीत के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं।

### डीपीएस में 11 को भजन संध्या होगी

**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं डीपीएस किड्स परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर के अवसर पर 11 जुलाई को शाम 6 बजे भव्य भजन संध्या एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह आयोजन आध्यात्मिक वातावरण में भगवान शिव की आराधना एवं भक्तिमय भजनों के साथ संपन्न होगा। यह आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर धमतरी रोड ग्राम सांकरा विद्यालय परिसर में होगा। विद्यालय प्रबंधन ने जिले के नागरिकों, अभिभावकों एवं श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# खेतों में लौटी रौनक : मौसम खुलते ही धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार हुई बारिश के बाद मौसम साफ होते ही जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खरीफ सीजन की गतिविधियां तेज हो गई हैं। खेतों में धान की रोपाई का कार्य पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गया है। गांवों में किसान सुबह से शाम तक खेतों में मेहनत करते नजर आ रहे हैं, जिससे ग्रामीण अंचल में एक बार फिर चहल-पहल लौट आई है।

महानदी तट पर बसे ग्राम खरेंगा सहित आसपास के गांवों में धान रोपाई का कार्य तेजी से जारी है। कृषक हिरेंद्र साहू, दयाराम साहू, मन्नूलाल साहू, देवीराम साहू, रघुनाथ साहू सहित अन्य किसान अपने परिवार के सदस्यों के साथ खेतों में रोपाई करते दिखाई दिए। महिलाएं और पुरुष मिलकर धान की पौध रोप रहे हैं। खेतों में पारंपरिक लोकगीतों की मधुर धुन और किसानों की मेहनत ग्रामीण जीवन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर रही है।

किसानों का कहना है कि इस वर्ष समय पर हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है, जिससे रोपाई का कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। उनका मानना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बना रहा तो धान की फसल बेहतर होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। किसानों ने शासन से समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। अनुकूल मौसम, किसानों की मेहनत और खेतों में बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीण अंचलों में नई उम्मीद जगाई है। किसानों को विश्वास है कि इस बार अच्छी पैदावार से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और खेती-किसानी में नई ऊर्जा का संचार होगा।

## सुबह से शाम तक खेतों में मेहनत कर रहे किसान

### संतुलित मात्रा में उर्वरकों का करें उपयोग

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत तकनीक अपनाने, संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने तथा खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी है। उनका कहना है कि समय पर रोपाई और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।



1998 में जिला बनने के बाद तीन दशकों में आधारभूत सुविधाएं बढ़ीं

# जनभागीदारी से आत्मनिर्भर धमतरी की मजबूत पहचान

## धमतरी
## विरासत से विकास तक, तब और अब

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



6 जुलाई 1998 को अविभाजित रायपुर जिले से पृथक होकर धमतरी को नए जिले का दर्जा प्राप्त हुआ। उस समय जिले के समक्ष प्रशासनिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करने जैसी अनेक चुनौतियां थीं। लगभग तीन दशक की इस विकास यात्रा में धमतरी ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए स्वयं को छत्तीसगढ़ के अग्रणी जिलों में स्थापित किया है। आज धमतरी जिले में 4 विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी विकास की धुरी बने हुए हैं। नगर निगम धमतरी, नगरपालिका परिषद कुरूद सहित नगर पंचायत आमदी, मगरलोड, नगरी और भखारा शहरी विकास को गति दे रही हैं।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना, प्राकृतिक संपदा और कृषि समृद्धि का महत्वपूर्ण केंद्र धमतरी जिला अपनी स्थापना के साथ विकास की जिस यात्रा पर अग्रसर हुआ था, वह आज नए आयाम स्थापित कर रही है। महानदी के उद्गम क्षेत्र सिहावा की पवित्र धरती, एशिया के प्रमुख मिट्टी के बांधों में शामिल गंगरेल जलाशय, हरित वन, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परिश्रमी कृषक समुदाय धमतरी की पहचान हैं।

पिछले दो वर्षों में जिला प्रशासन के प्रयासों से अनेक ऐसे कार्य हुए हैं, जिन्होंने आमजन के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है। पेयजल के क्षेत्र में जल जीवन मिशन ने ग्रामीण जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। अनेक गांवों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ा है।

कृषि प्रधान जिले के रूप में धमतरी ने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था, किसानों के डिजिटल पंजीयन के लिए एग्रीस्टैक का विस्तार, सिंचाई सुविधाओं का बेहतर उपयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार से कृषि क्षेत्र और अधिक सशक्त हुआ है।



### आर्थिक गतिविधियों को मिली गति

बेहतर सड़क संपर्क ने गांवों और शहरों के बीच दूरी कम की है तथा व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाई है। नई सड़कें, पुल-पुलिया तथा यातायात सुविधाओं के विस्तार से जिले की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। नगरीय क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हाईटेक बस स्टैंड, सुव्यवस्थित यात्री सुविधाएं, रेल संपर्क और स्टेशन सुविधाओं के उन्नयन से आवागमन और अधिक सुलभ हुआ है, जिससे जिले की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिली है।

### खेल प्रतिभाओं से मिली पहचान

खेल और युवा विकास के क्षेत्र में भी धमतरी ने नई पहचान बनाई है। जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए खेल मैदानों के विकास, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार, प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा इंडोर स्टेडियम जैसी आधुनिक अधोसंरचनाओं के माध्यम से युवाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। गंगरेल जलाशय, सिहावा, महानदी उद्गम स्थल, रुद्री, देवपुर तथा प्राकृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



### शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार

पर्यटन अधोसंरचना के विस्तार, बेहतर सड़क संपर्क, सौंदर्यीकरण, पर्यटक सुविधाओं और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से जिले की पर्यटन संभावनाएं और अधिक मजबूत हुई हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रवेशोत्सव, डिजिटल शिक्षण, दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं तथा छात्रहितैषी वातावरण विकसित किया गया है।

### विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका

आज का धमतरी केवल एक प्रशासनिक जिला नहीं, बल्कि विकास, जनभागीदारी, नवाचार और सुशासन का सशक्त उदाहरण बन चुका है। स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि 1998 में बोया गया विकास का बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है, जिसकी छाया में समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित धमतरी का भविष्य निरंतर आकार ले रहा है।

# महाप्रभु जगन्नाथ आज करेंगे महास्नान

- 11 जुलाई को औषधि काढ़ा अर्पित होगा, 16 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा महोत्सव के तहत बुधवार को महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का पवित्र महास्नान विधि-विधान से कराया जाएगा। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना होगी, महास्नान के साथ ही रथयात्रा महोत्सव के प्रमुख धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम भी प्रारंभ हो जाएगा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी परंपरा का पालन करते हुए 11 जुलाई को भगवान को औषधि जड़ी-बूटियों से तैयार विशेष काढ़ा अर्पित किया जाएगा। इस अवधि में भगवान विश्राम करेंगे और श्रद्धालु दर्शन की परंपरा का श्रद्धापूर्वक पालन करेंगे। नौ दिवसीय महोत्सव अंतर्गत 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा सुसज्जित रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए मंदिर समिति एवं प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।

# परिचित को अचेत पड़ा देख युवक ने रिक्शा ठेला से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परिचित के युवक को बेसुध पड़ा देख एक अन्य युवक ने उसकी जान बचाने अपने रिक्शा ठेला में लिटाकर जिला अस्पताल पहुंचाकर मानवता दिखाई।

जिला चिकित्सालय में मंगलवार की दोपहर लगभग 1 बजे ओपीडी बंद होने की कगार पर थी। अस्पताल पहुंचे अधिकतर मरीज अपनी जांच व उपचार कराकर घर लौट चुके थे। डॉक्टर व स्टाफ भी जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक अपने रिक्शा ठेला में सामान की जगह एक युवक को लिटाकर जिला अस्पताल पहुंचा। यह दृश्य देख लोग अंचभित हो गए। इसी बीच तत्काल उसने वार्ड ब्वाय को बुलाकर रिक्शा ठेला में पड़े युवक को स्ट्रेचर में डालकर माइनर ओटी पहुंचाया जिसके बाद इमरजेंसी डॉक्टर द्वारा उसका चेकअप व उपचार का वार्ड में भेज आब्जर्वेशन पर रखा गया। तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल जाने से शाम 5 बजे तक स्वास्थ्य में सुधार आने से वह होश में आ गया। अगर समय रहते रिक्शा ठेला वाले युवक संतोष सोनवानी ने मानवता नहीं दिखाई रहती तो युवक के साथ कुछ भी हो सकता था।



### अस्पताल पहुंचाकर दिखाई मानवता

रिक्शा ठेला चलाने वाले युवक संतोष सोनवानी आमापारा निवासी ने बताया कि वह मेडिकल सामानों को अस्पतालों व अन्य मेडिकलों में पहुंचाने का काम करता है। मंगलवार की दोपहर वह रत्नाबांधा शराब दुकान गया था जहां पर एक युवक बेसुध पड़ा था। वह युवक उसका परिचित विक्की-कुलदीप आमापारा निवासी था। उसके साथ कोई अनहोनी न हो यह सोचकर उसे अपने रिक्शा ठेला में डालकर अकेला रत्नाबांधा से खींचते हुए उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वह मोबाइल नहीं रखता इसीलिए वह मदद के लिए एम्बुलेंस को फोन नहीं कर पाया। बताया गया कि बीमार युवक को मिरगी का अटैक आता है।

# एक ही दिन की बारिश में बाईपास रोड खराब



**धमतरी।** कोलियारी खरेंगा जोरातराई सड़क निर्माण कार्य जारी है लेकिन ठेकादार की लापरवाही एवं सुस्ती के कारण ग्राम सारंगपुरी का पुल अधूरा है। सरपंच रामकुमार यादव ने बताया कि आवागमन के लिए बनाया गया बाईपास रोड एक ही दिन की बारिश में खराब हो गया जिसके कारण लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। अधिक पानी गिरने पर बाईपास रोड पूरी तरह बह जायेगा। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई तो आवागमन पूरी तरह बंद हो जायेगा। ग्रामीणों को कृषि कार्य समेत कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# जोगीडीह स्कूल में अंग्रेजी शिक्षक की मांग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम जोगीडीह माध्यमिक शाला में अंग्रेजी विषय के लिए शिक्षक की मांग की गई है। माध्यमिक शाला जोगीडीह में शिक्षारत विद्यार्थियों के पालक नीलकंठ, कमलेश, राजबाई, दुलेश्वरी, उत्तरा, चमेली, इंदिरा, पूर्णिमा, चुमेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि जोगीडीह माध्यमिक शाला में 32 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

शाला में मात्र दो शिक्षक कार्यरत हैं। गत सत्र अंग्रेजी विषय के शिक्षक के सेवानिवृत्त होने के कारण स्कूल में अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं है। पालकों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल में शीघ्र शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है।

# छुट्टी से लौटते ही आयुक्त ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**धमतरी।** नगर निगम की आयुक्त प्रिया गोयल ने अवकाश के बाद सोमवार को पुनः पदभार ग्रहण करते ही शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण शुरू कर दिया। कार्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित योजनाओं की समीक्षा की और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

सबसे पहले आयुक्त ने अर्जुनी क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नाले की नियमित और प्रभावी सफाई करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। इसके बाद उन्होंने जालमपुर स्थित बॉक्स क्रिकेट मैदान पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



आयुक्त ने कहा कि शहर में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, जल संरक्षण, भवन अनुज्ञा, राजस्व वसूली तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

बरसात के मौसम को देखते हुए उन्होंने नालों की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण और पेयजल व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उनका कहना है कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग करेगा। आयुक्त की वापसी के साथ ही नगर निगम की प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी आने और लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
DCA PGDCA BCA
SCHOLARSHIP WITH 100% RESULT
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
पुराना दाजी मराठी स्कूल, मराठापारा, धमतरी (छ.ग.)
Contact : 8450022865, 9203522865 9203622865, 9203722865

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज